# Janki Devi Bajaj Government Girls College, Kota



# Self-Study Report
# Criterion 7

# 7.1.4
# Additional information

SANJAY BHARGAVA
Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.05.16 11:57:12 +05'30'

# Commemorative Days/Events/Festivals

| S.N. | Name of Commemorative Day/Event/Festival | Date |
|---|---|---|
| 1. | World Earth Day | 22nd April |
| 2. | World Population Day | 11th July |
| 3. | World youth Skill Day | 15th July |
| 4. | World Tiger Day | 29th July |
| 5. | Independence Day | 15th August |
| 6. | Sadbhavna Divas | 20th August |
| 7. | Teachers Day | 5th September |
| 8. | International literacy day | 8th September |
| 9. | Hindi Divas | 14th September |
| 10. | Ozone Day | 16th September |
| 11. | NSS Day | 24thSeptember |
| 12. | Gandhi Jayanti | 2nd October |
| 13. | National Unity Day | 31st October |
| 14. | International Day for the elimination of violence against women | 25th November |
| 15. | Constitution Day | 26th November |
| 16. | NCC Day | 28th November |
| 17. | World AIDS Day | 1st December |
| 18. | National Mathematics Day | 22nd December |
| 19. | National Voters Day | 25th January |
| 20. | Republic Day | 26th January |
| 21. | World Wetland Day | 2nd February |
| 22. | World Mother Language Day | 21st February |
| 23. | International Women Day | 8th March |
| 24. | World Water Day | 22nd March |
| 25. | Shaheed Divas | 23rd March |
| 26. | Environment Conservation Day | 25th March |
| 27. | World Earth Day | 22nd April |
| 28. | World Yoga Day | 21th June |

SANJAY BHARGAVA

Digitally signed by SANJAY BHARGAVA
Date: 2023.05.16 11:57:33 +05'30'

# 1. World Earth Day (22nd April)



पृथ्वी दिवस मनाया, जगह-जगह हुए आयोजन

## प्रकृति के संरक्षण का दिया संदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कोटा. शहर में विभिन्न संस्थाओं की ओर से शुक्रवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। कहीं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, कहीं संगोष्ठी आयोजित कर प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया। जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग में एमएससी की छात्राओं की ओर से पोस्टर प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम हुआ। छात्राओं ने पर्यावरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाकर उनकी उपयोगिता बताई। विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू ने छात्राओं को जानकारी दी। कन्या महाविद्यालय के नवाचार प्रकोष्ठ व वनस्पति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भी प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पुनम जायसवाल ने छात्राओं को पृथ्वी दिवस के इतिहास संबंधित जानकारी दी। वनस्पति शास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि प्रकृति की अनावश्यक छेड़छाड़ से इंसान खुद के लिए मुश्किलें खड़ी कर रहा है। डॉ. शुचिता जैन ने पारिस्थितिकी तंत्र में पृथ्वी की जैव विविधता को संरक्षित करने व प्राकृतिक संसाधनों के बुद्धिमत्तापूर्ण उपयोग के महत्व को बताया।

मानव कल्याण समिति की ओर से डॉ. जगदीश शर्मा के मुख्य आथित्य में गोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीता दाधीच ने की। कन्हैयालाल मित्तल, रमेश विजय, अरुण भार्गव, हंसा त्यागी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शक्ति सरोवर कुन्हाड़ी में पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्रभारी उर्मिला ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. रामावतार सागर रहे। विशिष्ट अतिथि समाज सेवी विष्णु गौतम व साहित्यकार पुरुषोत्तम पंचोली रहे। पक्षियों के लिए परिंडे भी वितरित किए गए।

कीर्तिशम्दी ग्रुप ऑफ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से विज्ञान नगर क्षेत्र में पृथ्वी संरक्षण वाक्य एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन किया। इसमें कॉलेज व स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

अनंतपुरा स्थित स्मृति वन में वन सलाहकार समिति की ओर से एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

जेडीबी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में पृथ्वी के संरक्षण का संकल्प लेते हुए।

# 2. World Population Day (11th July)

## 5. विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई 2021

दिनांक 11 जुलाई 2021 को विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में "जनसंख्या शिक्षण एवं जनसंख्या नियंत्रण" पर छात्राओं की ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया ।

# 3. World Youth Skill Day (15th July)

**<u>जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा</u>**

विश्व युवा कौशल दिवस

15 July, 2022

दिनांक 15 जुलाई 2022 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में नवाचार प्रकोष्ठ, युवा विकास केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वीप प्रकोष्ठ एवं खेल प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया।


इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं से अकादमिक कोर्स के साथ-साथ तकनीक के महायुग में कौशल आधारित कोर्स भी करने की आवश्यकता पर बल देकर जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पूनम जायसवाल ने महविद्यालय में समय-समय पर आयोजित होने वाले कौशल कार्यक्रमों, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित विभिन्न कौशल कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं सत्र के दौरान जिज्ञासु छात्राओं की कौशल कार्यक्रमों से सम्बंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया।

कार्यक्रम का संचालन रासेयो प्रभारी डॉ विकास जांगिड़ ने किया व अंत में डॉ जाग्रति मीणा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सह-आचार्या डॉ फातिमा सुल्ताना, डॉ अल्पना जौहरी, डॉ सरस्वती अग्रवाल एवं सहायक आचार्य डॉ जयश्री डावरे व डॉ सरिता खंडेलवाल की भागीदारी रही।



# 4. World Tiger Day (29th July)



# 5. Independence Day (15th August)




# 6. Sadbhavna Divas (20th August)

8. “सदभावना सप्ताह” 8दिनांक 20 अगस्त 2021 से 26 अगस्त 2021

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के 150 वीं जयन्ती वर्ष एवं स्वतन्त्रता दिवस की 75 वी वर्षगांठ के आयोजन के सम्बन्ध मेंआयुक्तालय के पत्र कमांक एफ–8 सा.प्रौ. अकाद / आकाशि / 2018 / 78 के संदर्भ में 20 अगस्त 2021 से 26 अगस्त 2021 तक सदभावना सप्ताड का आयोजन किया गया जिसमें नशामुक्ति विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, एकल गान ,गांधी भजन प्रतियोगितायें आयोजित की गई ।

पोस्टर प्रतियोगिता में अंजली सोयल प्रथम ,पूजा मीणा द्वितीय तथा माहीन परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । एकल गान प्रतियोगिता में अनुष्का द्विवेदी ने प्रथम माहीन परवीन द्वितीय तथा लक्ष्मी मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया  गांधी भजन प्रतियोगिता में भारती बैरागी ने प्रथम तथा पूजा राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।



## 7. Teachers Day (5th September)

**5 सितम्बर 2020 शिक्षक दिवस**–शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा अपने शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से सम्मानित किया गया। # OurTeachers Our Heroes लिखकर यह मैसेज विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे – ट्वीटर, फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्ट्राग्राम पर शेयर किया गया। छात्राओं द्वारा एक पोस्टर या बैनर पर अपने शिक्षक का नाम लिखकर उनके लिए संदेश लिखकर पोस्टर के साथ सेल्फी या छोटा सा वीडियो बनाकर शेयर किया गया।



## 8. International Literacy Day (8th September)

**8 सितम्बर 2020 अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस** –अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शिक्षा का अधिकार एवं सामाजिक कुरीतियों एवं इनके निवारण, शिक्षा का महत्व, सामाजिक समरसता विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अनिता कोठारी ने की व मुख्य वक्ता डॉ स्मृति जौहरी सह आचार्य प्राणिशास्त्र रही, साथ ही सामाजिक कुरीतियों एवं इनके निवारण व शिक्षा का महत्व विषय पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



8 सितम्बर 2020शिक्षा का अधिकार एवं सामाजिक कुरीतियां एवं इनके निवारण, शिक्षा का महत्व, सामाजिक समरसता विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन

# 9. Hindi Divas (14th September)



# 10. Ozone day (16th September)

**अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस – प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा, अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाया गया। विभाग में सह आचार्य डॉ पूनम जायसवाल ने छात्राओं को ओजोन दिवस मनाने के पीछे क्या कारण है,यह क्यों मनाया जाता है? इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ नितिका सिंह ने ओजोन परत किस प्रकार महत्वपूर्ण है, इसके क्षरण के क्या कारण हैं आदि जानकारी छात्राओं के साथ साझा की। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता भी करवाई गयी। सहायक आचार्य अनीता मालव ने प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का संचालन किया।

विजेता टीम में चेष्टा सक्सेना, ऊषा किरण व वंदना शाक्यवाल रही। पूजा सामरिया,सृष्टि वर्मा व आयुषी नागर की टीम उपविजेता रही। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने छात्राओं से कई महत्वपूर्ण तथ्य साझा किये और विजेता तथा उपविजेता टीमों को बधाई दी। वरिष्ठ सह आचार्य डॉ शुचिता जैन ने छात्राओं को ओजोन क्षरण के कारकों का उपयोग कम करने का संदेश आम जन तक पहुंचाने का आवाह्न किया।






# 11. NSS Day (24th September)

## 10. एन.एस.एस. दिवस 24 सितम्बर 2021

दिनांक 24 सितम्बर 2021 को एन.एस.एस. दिवस मनाया गया । इस अवसर पर एन.एस.एस. के इतिहास, संकल्पना ,उददेश्य व कियान्वयन विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई






## 12. Gandhi Jayanti (2nd October)

### 11. स्वैच्छिक रक्तदान शिविर दिनांक 02.10.2021

दिनांक 2.10.2021 को गांधी जयन्ती एवं आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजकीय कला कन्या महाविद्यालय , राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय कोटा की एन.एस.एस. की छ इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

किया गया । रक्तदान शिविर के मुख्यअतिथि कॉलेज शिक्षा ,कोटा संभाग के सहायक निदेशक डॉ रघुराज परिहार और विशिष्ट अतिथि कॉलेज शिक्षा कोटा संभाग के पूर्व सहायक निदेशक डॉ के. एम.गवेन्द्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला सम्न्वयक डॉ विवके मिश्र रहे शिविर में तीनों महाविद्यालयों की छात्राओं और संकाय सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं रक्तदान किया । इस अवसर पर जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय ,कोटा की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ मधु खन्ना राजकीय कला कन्या महाविद्यालय कोटा की प्राचार्य डॉ अरूणा कौशिक व राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय कोटा की प्राचार्य डॉ कंचना सक्सेना ने छात्राओं को रक्तादान महादान के महत्व से परिचित करवाया और उन्हें रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया ।




• जेडीबी के तीनों कॉलेजों में रक्तदान शिविर, औषधीय पादप वितरण एवं गांधी जी के जीवन और दर्शन पर व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कॉलेज शिक्षा सहायक निदेशक डॉ. रघुराज परिहार, विशिष्ट अतिथि कॉलेज शिक्षा कोटा संभाग के पूर्व सहायक निदेशक डॉ. केएम गवेंद्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ विवेक मिश्रा रहे।

3. 02.10.2020 को राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड मण्डल मुख्यालय कोटा के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस प्रार्थना सभा में 02 रेंजर्स ने भाग लिया



# 13. National Unity Day (31st October)

## राष्टीय एकता दिवस

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय की एक भारत श्रेष्ठ भारत गतिविधि प्रभारी डॉ.संगीता सिंह ने बताया कि दिनांक 31 अक्टूबर 2018 को राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर हिन्दी व आसामी भाषा में राष्ट्रीय एकता और अखण्डता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्राओं के साथ रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया। एक दौड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें गरिमा कुमावत ने प्रथम, शलिनी सोनगरा बी.एस.सी. पार्ट द्वितीय ने द्वितीय व शालिनी दाधीच बी.एस.सी. पार्ट तृतीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किय। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी जयश्री डाबरे तथा डॉ. रेणु त्यागी, डॉ. रेखा कॉलानी व सरस्वती अग्रवाल का सहयोग सराहनीय रहा।

# 14. International Day for the Elimination of Violence Against Women (25th November)







## 15. अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस

दिनांक 25 नवम्बर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ विनीता कौशिक द्वारा महिला हिंसा उन्मूलन पर अपना विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि महिलाएँ अपनी बेटियों को सशक्त बनायें एवं महिला हिंसा का पूर्ण विरोध करें । कार्यक्रम में आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व छात्राओं न अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में सुश्री सैयद अक्या बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, तानिया कुमारी ने द्वितीय स्थान एवं बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की नव्या भंडारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने आशु भाषण प्रतिभागियों के विषय एवं अभिव्यक्ति पक्ष पर विशेष सारगर्भित वक्तव्य दिया । कार्यवाहक प्राचार्य डॉ मधु खन्ना ने छात्राओं की भाषण शैली की सराहना की ।

# 15. Constitution Day (26th November)

## 16. संविधान दिवस

दिनांक 26.11.2021 को संविधान दिवस पर जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय,कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना ,साहित्यिकसांस्कृतिकसमिति तथा एन.सी.सी.के संयुक्ततत्वावधान में"डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था" विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन जयपुर द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में कुल 24 छात्राओं ने दिये गये लिंक पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात् निबन्ध लेखन में भाग लिया।

महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती मधु खन्ना द्वारा सभी संकाय सदस्यों एवं छात्राओं की उपस्थिति में संविधान दिवस की शपथ दिलवाई गई।प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. विनीता कौशिक, श्रीमती अनिता मालव, सुश्री प्रीति बैरवा ने प्रतियोगिता का संचालन किया तथा डॉ. सरस्वती अग्रवाल एवं श्रीमती रचना भार्गव प्रतियोगिता के वीक्षक रहे।





# 16. NCC Day (28th November)

# जेडीबी कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित




**नवज्योति/कोटा**

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में एनसीसी दिवस के उपलक्ष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मधु खन्ना, कमांडिंग ऑफिसर 7 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी कोटा लेफ्टिनेंट कॉल हेमेंद्र बंसल, मेजर सुबोध सनवाल ने किया। शिविर की समाप्ति पर 7 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी यूनिट की तरफ से एनसीसी कैडेट सैफरन फातिमा अंसारी व कैडेट दीपाली जैन एनसीसी के क्षेत्र में बेहतर योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। डॉ आकांक्षा ने बताया कि रक्तदान से कहीं गंभीर बीमारियों का खतरा होने की संभावनाएं कम होती है।

एनसीसी प्रभारी प्रीति बेरवा ने बताया कि एनसीसी दिवस हर साल नवंबर माह के चौथे रविवार को मनाया जाता है। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉक्टर जागृति मीणा, यूथ डेवलपमेंट क्लब प्रभारी डॉ मनीषा शर्मा, एनएसएस प्रभारी अनीता मालव, विकास जांगिड़ व स्काउट गाइड प्रभारी डॉ मौसमी मीणा का सहयोग रहा।

# 17. World AIDS Day (1st December)

**Janki Devi Bajaj Rajkiya Kanya Mahavidyalaya**
Near Antaghar Circle, Nayapura, Kota-324001
Tel. No.: 0744-2324074 / Email: jdbcollege@gmail.com
Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggrckota

## जेडीबी छात्राओं ने एड्स जागरुकता रैली निकाली

**संदेश न्यूज। कोटा.**

जेडीबी राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा एनसीसी (आर्मी विंग), एनएसएस इकाई प्रथम तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस मनाया गया।

इसके अंतर्गत छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक तथा रैली का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने एड्स के प्रति लोगों को जागरूक किया तथा एड्स को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया। प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव ने बताया कि एड्स से पीड़ित लोगों के प्रति हमारा व्यवहार स्नेहपूर्ण होना चाहिए। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया कि सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाएं एड्स रोगियों की स्थिति को सुधारने की दिशा में कार्य कर रही है तथा



2030 तक विश्व को एड्स मुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ.जागृति मीणा ने बताया कि एड्स एक वायरस है, जो संक्रमण के कारण होता है। इसका ठोस इलाज नहीं है, लेकिन इसके प्रभाव को दवाईयों तथा उपचार के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। एनसीसी प्रभारी डॉ. सरिता खंडेलवाल ने बताया कि एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। एनएसएस प्रभारी इकाई प्रथम प्रीती बैरवा ने बताया कि एड्स छूने से या साथ रहने से या साथ खाने नहीं फैलता है। हम खुद ! जागरूक तथा शिक्षित कर अ परिवार समाज तथा देश को एड् मुक्त बना सकते हैं।

### तृतीय त्रैमासिक बैठक 12 को

**संदेश न्यूज। कोटा.** जिला स्तरीय समिति की वित्तीय वर्ष की तृतीय त्रैमासिक बैठक जिला कलक ओपी बुनकर की अध्यक्षता सोमवार 12 दिसम्बर को सायं बजे कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित की जाएगी।



2

## 18. National Mathematics Day (22nd December)

**JANKI DEVI BAJAJ GOVERNMENT GIRLS COLLEGE, KOTA**

**DEPARTMENT OF MATHEMATICS**

**"Poster exhibition in the celebration of National Mathematics Day"**

Ramanujan Club: UG and PG association of the department of Mathematics has organized a poster making competition on 22 December, for UG and PG students in the celebration of, National Mathematics Day, Birth anniversary of Srinivasana Ramanujan. The theme for this poster making competition was "Magical number in Mathematics". We have 62 posters enrolment in solo and group participations.






# 19. National Voters Day (25th January)

17. राष्ट्रीय मतदाता दिवस  दिनांक 25.01.2022

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में आज दिनांक 25.01.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना, ईएलसी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने इस अवसर पर छात्राओं को अपने उदबोधन में निर्भिक, निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया और बताया कि भारत लोकतांत्रिक देश है जहां हर 18 साल के प्रत्येक युवा को मतदान करने का अधिकार प्राप्त है और जिम्मेदार नागरिक होने के कारण मतदान आवश्यक रूप से करना चाहिये ताकि हम देश के लिये सही प्रतिनिधित्व का चयन कर सकें। इस अवसर पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.एस.सी. पार्ट प्रथम की छात्रा सुश्री सिद्धि जैन ने, द्वितीय स्थान सुश्री महक ने प्राप्त किया। इसी प्रकार तृतीय स्थान बी.एस.सी. पार्ट तृतीय की छात्रा सुश्री पल्लवी ने प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने पुरस्कृत किया और समस्त संकाय सदस्यों एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को प्राचार्य द्वारा मतदान शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती अनीता मालव एवं श्री विकास जांगिड ने किया।



## 20. Republic Day (26th January)

गणतन्त्र दिवस



# 21. World Wetland Day (2nd February)

विश्व आर्द्रभूमि दिवस (वर्ल्ड वैटलैंड्स डे)दिनांक 03.02.2021 के उपलक्ष्य में स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध की छात्राओं को पादप नर्सरी के भ्रमण हेतु ले जाया गया जहां पर उन्होनें वानस्पतिक विविधता जैसे– टैरिडोफाइट,जिम्नोस्पर्म एवं एंजिओस्पर्म पादपों के विभिन्न वंश एवं जातियों का अध्ययन किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्राओं में विषय के प्रति जागरूकता प्रदान करना एवं उनकी जानकारी प्राप्त करना था। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने उन्हें "वैटलैंड्स डे" का महत्व बताया एवं जलीय पादपों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अल्पना जौहरी ने शोभाकारी पादपों के विषय में जानकारी दी एवं उनकी देखरेख का तरीका बताया। श्रीमती अनिता मालव ने विभिन्न प्रजातियों के उपयोगी पादपों के विषय मे बताया। इस अवसर पर वनस्पति शास्त्र विभाग की सहआचार्य डॉ. शुचिता जैन,डॉ. पूनम जायसवाल डॉ. ममता चौधरी ने भी छात्राओ का ज्ञानवर्धन किया।



दैनिक भास्कर कोटा 04-02-2021

छात्राओं ने नर्सरी की विजिट की

कोटा। जेडीबी साइंस कॉलेज बोटनी फाइनल ईयर की छात्राओं ने बुधवार को वर्ल्ड वेटलैंड डे पर नर्सरी की विजिट की। इस दौरान कॉलेज की एसोसिएट प्रोफेसर प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. शुचिता जैन, डॉ. अल्पना जौहरी, डॉ. पूनम जायसवाल, डॉ. अनीता मालव, डॉ. ममता चौधरी मौजूद रहीं।

विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर नर्सरी भ्रमण

# 22. World Mother Language Day(20th February)

**विश्व 20.02.2020 मातृ भाषा दिवस पर संगोष्ठी**

नियमित अध्यापन के साथ ही कक्षा टैस्ट, प्रतियोगी परीक्षाओं की हिन्दी विषय की कक्षाएँ,परीक्षा उपयोगी हिन्दी भाषा एवं व्याकरण पक्ष को सशक्त करने हेतु छात्राओं को अभ्यास प्रश्न–पत्र प्रदान करना, हिन्दी भाषा उन्नति हेतु पुस्तकालय मे विविध पुस्तकों की व्यवस्था कर छात्राओं को उन्नत साहित्य से जोड़ना आदि कार्य हिन्दी विभाग द्वारा किये गए है। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "वाग्धारा" का मुख्य सम्पादन कार्य भी हिन्दी विभाग द्वारा किया गया है।



# 23. International Women Day (8th March)

20. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 8 मार्च 2022

दिनांक 8 मार्च 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में महिला प्रकोष्ठ, साहित्यिक सांस्कृतिक मंच, राष्ट्रीय सेवा योजना, सैनिटरी हाइजीन समिति एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक वार्ता का आयोजन किया गया। इस वार्ता में स्त्री स्वास्थ्य पर आयुर्वेदाचार्य डाक्टर मेघना शेखावत ने स्त्री स्वास्थ्य समस्याओं एवं उनके समाधान पर एक वार्ता प्रस्तुत की। पीपीटी के माध्यम से उन्होंने छात्राओं को बहुत ही रोचक ढंग से ज्ञानवर्धक सामग्री प्रस्तुत की एवं उनके प्रश्नों के उत्तर भी देकर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया। इस अवसर पर जेसीआई के सौजन्य से एनजीओ की अध्यक्षा श्रीमती सुप्रिया मंडलोई के द्वारा सैनिटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण छात्राओं को किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती अनिता मालव ने सत्र की प्रतियोगिता विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। डा सरस्वती अग्रवाल ने खेलकूद में महिलाओं का योगदान विषय पर व्याख्यान दिया जिसमे उन्होंने खेलों के द्वारा स्वस्थ रहने के गुर बताए।




09.3.2021 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं द्वारा मुख्य पोर्च में पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई चूंकि 8 मार्च को राजस्थान के पूर्व राज्यपाल के स्वर्गवास होने के कारण यह पोस्टर प्रदर्शनी 9 मार्च को लगायी गई। पोस्टर प्रदर्शनी की प्रभारी डॉ. विनीता कौशिक रही।





# 24. World Water Day (22rd March)




## Water Conservation Day, 22 March 2021

Dr. Anita Kothari, Principal, J. D. B. Govt. Girls College, addressed the students and conveyed the message that water conservation starts from our daily routine at home. Dr. Fatima Sultana, Convener, said that although Chambal River flows through Kota, but still villages around the city face, scarcity of water for irrigation. Dr. Vijay Devda, Invited Speaker, gave the analysis of the content of pollution in Chambal River. Mr. Brijesh Vijay Vergiya, President of Jal Biradari, NGO, explained the value of water and gave examples of conserving water. All Eminent Guest, Dr. Madhu Khanna, Dr. Manisha Sharma, Dr. Smriti Johari, Dr. Jaishree Daverey, Dr. Mosmee Meena, Mr. Vikas Jangid and the students took the pledge to conserve water.







# 25. Shaheed Divas (23rd March)

## 23. शहीद दिवस 23 मार्च 2022

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला मे शहीदभगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू के बलिदान दिवस पर जे डी.बी. कॉलेज मे जिला स्तरीय सेमिनार जिला कलेक्टर ,कार्यवाहक द्व राजकुमार सिंह के मुख्य अतिथ्य एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ अनीता कोठारी की अध्यक्षता मे किया ।

जिला कलेक्टर ,कार्यवाहकद्व राजकुमार सिंह ने कहा कि देश की आजादी मे सर्वोच्च बलिदान देने वाले महापुरूषो का जीवन एव उनके विचार हमेशा देश के युवाओ को प्रेरित करते रहेंगे । अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अनीता कोठारी ने कहा कि व्यक्ति विचारो के द्वारा हमेशा जीवित रहता है । देश के स्वतंत्रता सैनानी आज भी हमारे बीच विचारो के माध्यम से प्रेरणा दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि वर्तमान मे युवाओं को उनके जीवन व संघर्ष से सीख लेते हुए देश मे व्याप्त कुप्रथा, भेदभाव , असमानता से मिलकर लडना होगा । मुख्य वक्ता सेवानिवृत प्राचार्य हुकुमचंद जैन ने कहा कि स्वतत्रता सैनानियो एवं देश के प्रतिसर्वोच्च न्यौछावर करने वाले महापुरूषो की जीवनी हमेशा मार्गदर्शन देती है । उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह ,सुखदेव एव राजगुरू ने युवा अवस्था मे जिस निडरता के साथ देश की स्वतत्रता की अलख जगाई ,वह अनुकरणीय है। अहिंसा प्रकोष्ठ सहसंयोजक संदीप दीवाकर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव तभी कारगर है। प्रकोष्ठ के सदस्य नरेश विजयवर्गीय ने महात्मागांधी एवं शहीदभगतसिंह के स्वतंत्रता आंदोलन मे योगदान एवं विचारो के बारे मे विस्तार से जानकारीदी । सेमिनार को कौलेज शिक्षा सहायक निदेशक रघुराज परिहार ,प्रो. विवेक मिश्रा, प्रो. सुमन शर्मा एछात्रा पूजा गोचर , सैयद अक्सा जावेद, अंजली मीणा ने भी संबोधित किया । प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।



# 26. World Environment Conservation Day (25th March)

24. महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण दिवस का आयोजन 25 मार्च 2022

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा मे दिनांक 25.03.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में''सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कैम्पस आधारित'' थीम पर पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने स्वयंसेविकाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी एवं महाविद्यालय में सिंगल प्लास्टिक यूज को उपयोग न करने के लिये प्रोत्साहित किया। ग्रीन ऑडिट कमेटी प्रभारी डॉ. अल्पना जौहरी ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कैम्पस पर एक रैली का आयोजन किया तथा महाविद्यालय से सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित कर नगर निगम कोटा को निस्तारित करने हेतु भिजवाया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव तथा ग्रीन ऑडिट प्रभारी डॉ. अल्पना जौहरी, कमेटी के सदस्य डॉ. मौसमी मीणा, श्रीमती अनीता मालव, सुश्री प्रीती बैरवा उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास जांगिड ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।



## 27. World Earth Day (22th April)

# जेडीबी में दी छात्राओं को पृथ्वी संरक्षण की जानकारी

## विश्व पृथ्वी दिवस समारोह

नवज्योति/कोटा



जेडीबी कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को नवाचार प्रकोष्ठ, वनस्पति शास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर नवाचार प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पूनम जायसवाल ने छात्राओं को पृथ्वी दिवस की जानकारी दी। वनस्पति शास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव ने छात्राओं को पृथ्वी के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। गणित विभाग में सहायक आचार्य डॉ अन्नू बंशीवाल ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा आनलाइन शपथ की लिंक साझा की गई। नवाचार प्रकोष्ठ की प्रभारी अधिकारी डॉ. पूनम जायसवाल ने बताया कि कार्यशाला में अभी तक 30 प्रकार की टूल तथा तकनीकों की प्रायोगिक जानकारी कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को दी जा चुकी है।

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर एमएससी पूर्वार्ध तथा उत्तरार्ध की छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रस्तुतीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गय, जिसमें छात्राओं ने पर्यावरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाकर उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू त्यागी तथा रसायन शास्त्र विभाग के समस्त सदस्यों ने छात्राओं को पृथ्वी के संरक्षण एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी दी।



# 28. World Yoga Day (21st June)

1. सातवां अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21.06.2021

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सातवां अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । इसके अर्न्तगत "योग एट होम योग फोर वेलनेस" थीम पर सभी संकाय सदस्यों व छात्राओं ने घर पर योग किया । छात्राओं ने बडे जोश के साथ योग किया व विभिन्न योग मुद्राओं ,आसनों का प्रदर्शन किया । कोरोना काल में भी छात्राओं का उत्साह कम नहीं हुआ। इस अवसर पर "करो योग रहो निरोग" विषय पर निबंध प्रतियोगिता रखी गई । निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पलवी ,द्वितीय स्थान पर सृष्ठि वर्मा तथा तृतीय स्थान पर मंगलेश्वरी हाडा रहीं । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनीता कोठारी द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी गई । उन्होने व्हाटसअप के माध्यम से संदेश दिया कि लोगों में कोरोना काल में मानसिक अवसाद बढा है ऐसे में नियमित योग व प्राणायाम करना लाभकारी होता है।हमें अपने जीवन में योग व अनुशासन को शामिल करना चाहिए तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।





अनिता

प्राचार्य

जा. दे. ब. राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

SANJAY BHARGAVA Digitally signed by SANJAY BHARGAVA Date: 2023.05.16 11:57:48 +05'30'